केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 61 सोमवार 23 सितम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### जिला अस्पताल में भर्ती बच्चे में दीमागी बुखार की पुष्टि

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिला अस्पताल में बुखार पीड़ित 10 वर्षीय बच्चे के रीढ़ की हड्डी से सैंपल एकत्रित किए थे। एलाइजा जांच के बाद जो रिपोर्ट सामने आई है, वह बेहद चौंकाने वाली है। रिपोर्ट में बच्चा जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) दोनों बीमारी में पॉजिटिव मिला है। इससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। एक माह में दूसरे बच्चे में जेई की पुष्टि होने पर खलबली मच गई है। हालांकि, अभी टीम संबंधित गांव में नहीं गई है। बता दें कि मई–जून से शुरू हुआ दिमागी बुखार का सिलसिला अभी जारी है। एक अनुमान के मुताबिक जनवरी से अगस्त तक हाईग्रेड फीवर के करीब 800 केस दर्ज हुए हैं, जिसमें 38 में जेई–एईएस की पुष्टि हुई है। दिमागी बुखार के केस सर्वाधिक जिला अस्पताल में ही दर्ज हुए हैं। लगातार मिल रहे रोगियों के बाद भी एहतियात के तौर पर रोकथाम के प्रयास नहीं किए जा रहे।

### हत्या के आरोप में सात पर मुकदमा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने लड़की की हत्या आरोप में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि जहर खिलाने के बाद लड़की को तालाब में डाल दिया, जिससे उसकी जान चली गई। थाना प्रभारी हर्रैया का कहना है कि घटना की लगभग तीन साल पुरानी है। छानबीन शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता महिला ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को बहलाकर विपक्षी 17 मार्च 2021 को अपने घर ले गए। यहां उसे किसी पदार्थ में जहर मिलाकर खिला दिया। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद गांव से थोड़ी दूरी पर स्थित तालाब में ले जाकर डूबो दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी अमन, रेखा, गरिमा, गंजे, विक्रम, बज्जात व बज्जात की पत्नी के खिलाफ आईपीसी 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच–पड़ताल शुरू कर दी है।

### बुर्जुग के एटीएम से जालसाज ने निकाल लिये 30 हजार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिले के कलवारी थानांतर्गत कुसौरा बाजार में स्थित एटीएम बूथ पर पैसा निकालने गए एक बुजुर्ग के खाते से जालसाज ने तीस हजार रुपया उड़ा दिया। प्रकरण में पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

एसओ कलवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसी थानाक्षेत्र के महुआपार कला निवासी मोहम्मद इकबाल ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी बेटी के साथ तारीख देखने बस्ती कचहरी जा रहे थे। रास्ते में कुसौरा बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम में पैसा निकालने के लिए रूके। इसी बीच एक युवक आया और कहा कि चाचा आपको पैसा निकालते देर लगेगा। अपना एटीएम मुझे दे दीजिए, हम निकाल देते हैं। आरोप है कि उसने एटीएम का पिन पूछा और मशीन में एटीएम को लगाया। इसके बाद उसने कहा कि आपके खाते में तो पैसा ही नहीं है। इसी बीच उसने एटीएम बदल लिया।

पीड़ित के अनुसार जालसाज ने उसी दिन कलवारी स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम से दस–दस हजार रुपये करके 30 हजार रुपया निकाल लिया।

# समृद्ध हिन्द–प्रशांत हमारी प्राथमिकता- मोदी



**विलमिंगटन (अमेरिका) (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा, 'स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद–प्रशांत हमारी प्राथमिकता है।'

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, 'हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी नियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के समर्थन में हैं।'

प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रूनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा।'

उन्होंने कहा, ' हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है।'

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ' डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान सदस्य नेताओं से मिलकर खुशी हुई। चर्चाएं सार्थक रहीं। बैठक में इस बात पर ध्यान दिया गया कि क्वाड वैश्विक भलाई के लिए कैसे काम करना जारी रख सकता है। हम स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम करते रहेंगे।'

एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में शीर्ष नेताओं ने दक्षिण–पूर्व एशिया, प्रशांत द्वीप समूह और दक्षिण एशिया में साझेदारों के साथ सहयोग करने के नये तरीकों पर चर्चा की, साथ ही इस बारे में भी विचार–विमर्श किया कि क्वाड भविष्य में कैसे सहयोग करता रहेगा।

अधिकारी ने इस बातचीत को 'व्यापक' करार देते हुए कहा कि बैठक में सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा क्षेत्र को मजबूत करने, क्वाड लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, मानवीय सहायता और आपदा के दौरान सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। अधिकारी क्वाड क्षेत्र की विकास प्राथमिकताओं में मदद करना जारी रखेगा और और सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन में तेजी लाएगा।' नेताओं ने 'क्वाड कैंसर मूनशॉट' की घोषणा की, जो हिंद–प्रशांत क्षेत्र में जीवन बचाने के लिए एक अभूतपूर्व साझेदारी है। इसमें कहा गया है, 'कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान क्वाड की सफल साझेदारी, क्षेत्र में कैंसर की समस्या से निपटने के लिए हमारे सामूहिक निवेश, हमारी वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय क्षमताओं तथा हमारे निजी एवं गैर–लाभकारी क्षेत्रों के योगदान के आधार पर हम क्षेत्र में कैंसर के बोझ को कम करने के लिए साझेदार देशों के साथ सहयोग करेंगे।'

शुरुआत में 'क्वाड कैंसर मूनशॉट' का ध्यान हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सर्विकल कैंसर से निपटने पर केंद्रित होगा। साथ ही अन्य प्रकार के कैंसर से निपटने के लिए आधार तैयार किया जाएगा। भारत ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र को 75 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य के सर्विकल कैंसर टीके, 'ह्यूमन पेपिलोमावायरस' (एचपीवी) किट और जांच किट उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अनुदान की घोषणा करते हुए कहा कि यह अनुदान भारत के 'वन अर्थ, वन हेल्थ' (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य) के दृष्टिकोण के तहत दिया गया है। भारत, विश्व स्वास्थ्य संगठन की डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की अपनी प्रतिबद्धता के जरिए हिंद–प्रशांत क्षेत्र के इच्छुक देशों को अपनी उस डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को अपनाने और लागू करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

## शिविर में बताया जीवन बचाने का महत्वः 16 ने किया रक्तदान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हरी अनमोल जीवन संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विक्रमजोत ब्लॉक के केनौना चौराहा पर किया गया। शिविर का उद्घाटन बड़ौदा ग्रामीण बैंक के प्रबंधक गजेंद्र मोहन मिश्र द्वारा फीता काटकर किया गया। रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया और 16 लोगों ने रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया। प्रबंधक ने कहा कि हमारे द्वारा दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है। इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। उसे रक्त की सख्त जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमें आत्म संतुष्टि भी मिलती है। हरी अनमोल जीवन संस्थान द्वारा बताया गया कि भविष्य में ऐसे शिविरों का आयोजन लगातार जारी रहेगा जिससे कि समाज में जागरूकता फैलती रहे और समाज के लोगों की मदद होती रहे।

इस अवसर पर वीरेन्द्र कुमार सिंह, सनोज कुमार प्रजापति, उमेश चन्द्र, किशन कुमार, पिंटू प्रजापति, महेंद्र कुमार, संतोष कुमार, अनूप कुमार त्रिपाठी, मनोज कुमार, रिंकू कुमार, ऋर्षिमुनि, पंकज पाण्डेय, अभय वर्मा, अर्जुन वर्मा, राजेश कुमार पाण्डेय, दीपक चौरसिया, संतोष कुमार, शिव बालक प्रजापति, अनिल कुमार सिंह, गंगा प्रसाद मिश्र, अंकित तिवारी, अनुराग मिश्र, उमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गबन की आरोपी महिला गिरफ्तार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। छावनी व परसरामपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने गबन की आरोपी सविता निवासी सुरैला थाना परसरामपुर कर लिया है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करने के साथ ही आरोपिता को न्यायालय भेज दिया। पुलिस कार्यालय के अनुसार उसके खिलाफ छावनी व परसरामपुर में ईसी एक्ट समेत अन्य धाराओं में चार मुकदमे पंजीकृत है। जिले के अन्य थानों से भी उसका आपराधिक इतिहास मंगाया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे, प्रभारी चौकी विक्रमजोत रितेश कुमार सिंह, एसआई परसरामपुर ओमप्रकाश भारती, अशोक कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## करंट से झुलसे किसान की मौत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

हर्रैया (बस्ती)। थानाक्षेत्र के खम्हरिया गंगाराम गांव में सब्जी के खेतों में काम करते समय हाई टेंशन लाइन पर लटकती पेड़ की डालियों में करंट उतर रहा था। इसकी चपेट में आकर किसान गंभीर रूप से झुलस गया। अगल–बगल खेतों में काम कर रहे लोगों की नजर अचेत पड़े किसान पर पड़ी तो उठाकर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लाए। हालत गंभीर देख परिजन लखनऊ ले गए। जहां रविवार सुबह मौत हो गई। खम्हरिया गांव निवासी देवीदीन मौर्य (65) खेतीबाड़ी का कार्य करते थे। शनिवार सुबह वह गांव के पूरब सिवान में खेतों में उगाए गए सब्जियों में साफ–सफाई करने गए थे। खेतों के ऊपर से 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। पेड़ की डालियों के सहारे उगी झाड़ियां तार को छू रही थी। इन्हीं झाड़ियों में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर देवीदीन गंभीर रूप से झुलस गए।

अस्पताल में इलाज के बाद उनके सेहत में कुछ सुधार हुआ भी। मगर थोड़ी देर बाद हालत बिगड़ने लगी तो परिजन इलाज के लिए लखनऊ ले गए। जहां रविवार सुबह देवीदीन ने दम तोड़ दिया। शव का लखनऊ में पोस्टमार्टम हुआ, उसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# 48 हिन्दुओं को ईसाई बनाने की कोशिश पुलिस ने पांच को गिरफ्तार किया




मथुरा (आभा)। श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में 48 हिन्दूओं को ईसाई बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। हाईवे थानाक्षेत्र के तुलसी नगर इंद्रपुरी कॉलोनी में लोगों को हिंदू ध र्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित करने की कोशिश करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि कुछ लोग लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाईवे थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों को तब गिरफ्तार किया गया जब धर्म परिवर्तन से पहले वहां एक धर्म सभा चल रही थी। पुलिस ने कहा कि कथित धर्मांतरण के लिए लगभग 48 पुरुष और महिलाएं भी मौके पर एकत्रित हुए थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों को उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सैमसन सैमुअल, अमरदेव, विकास भोई, अजय सेल्वराज और राकेश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में धार्मिक किताबें, पोस्टर आदि बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

हाईवे थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आनन्द कुमार शाही ने शनिवार शाम को बताया था कि पुलिस ने वहां एक मकान में करीब 48 पुरुषों और उसके सामने वाले मकान में इतनी ही महिलाओं को एकत्रित पाया।

उन्होंने बताया कि वहां भोजन आदि का कार्यक्रम चल रहा था, वहां कुछ धर्म संबंधी पत्रक भी मिले। उन्होंने बताया कि मकान के अंदर मौजूद एक ताइवानी नागरिक, मकान मालिक, उनकी पत्नी तथा करीब 12 महिला–पुरुषों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। एसएचओ ने कहा था कि धर्मांतरण के आरोप की पुष्टि करने वाला कोई ठोस प्रमाण मिलने पर ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# केजरीवाल ने आर.एस.एस. से पूछे 5 सवाल




**नई दिल्ली (आभा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर पर आयोजित 'जनता की अदालत' में भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने चुनावी राजनीति, भ्रष्टाचार और विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठाए।

केजरीवाल ने अन्ना आंदोलन के समय की याद दिलाते हुए कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने की चुनौती दी गई थी और उन्होंने साबित कर दिया कि चुनाव ईमानदारी के बल पर जीते जा सकते हैं। उन्होंने कहा, "मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि मैं भ्रष्टाचार करने या मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं।"

केजरीवाल ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा, "मैं आपसे पूछने आया हूं कि क्या आपको लगता है कि केजरीवाल चोर है या वे लोग चोर हैं जिन्होंने मुझे जेल भेजा?"

केजरीवाल ने यह भी ऐलान किया कि नवरात्रि शुरू होने पर वह मुख्यमंत्री आवास छोड़ देंगे और जनता के बीच रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का डर दिखाकर धमकाया जा रहा है और उनकी सरकारें गिराई जा रही हैं।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर सवाल उठाते हुए केजरीवाल ने पूछा, "क्या यह सही है कि भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे नेताओं को भाजपा में शामिल करना उचित है?" उन्होंने यह भी कहा, "भाजपा की उत्पत्ति आरएसएस से हुई है, मैं मोहन भागवत से पूछना चाहता हूं कि क्या वह भाजपा की राजनीति से संतुष्ट हैं?" केजरीवाल ने कहा कि भाजपा में एक नियम है कि नेताओं की आयु 75 वर्ष होने के बाद वे सेवानिवृत्त हो जाएंगे, क्या यह प्रधानमंत्री मोदी पर लागू नहीं होगा। जिस तरह से मोदी जी पार्टियों को तोड़ रहे हैं और देश भर में सरकारों को लालच देकर या ईडीऔर सीबीआई की धमकी देकर गिरा रहे हैं, क्या यह सही है?

## जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। लालगंज पुलिस ने जमीन का सौदा कराने के नाम पर धोखाध ड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि दस लाख 37 हजार रुपया लेने के बाद जमीन भी नहीं दी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। लालगंज थानाक्षेत्र के भद्दीपुरा निवासी मंजू यादव पत्नी ओमशंकर यादव वर्तमान में शहर के बभनगावां मोहल्ले में रह रही हैं। उनका आरोप है कि 2021 में महसो रोड पर उन्हें आरोपी महेन्द्र प्रताप ने एक बिस्वा जमीन दिखाई। उसकी 11 लाख रुपया बताया। एडवांस मनी के रूप में 28 जून 2022 को तीन लाख रुपया ले लिया।

इसके साथ ही चार लाख 95 हजार रुपय नकद जमीन देने के बहाने ले लिया। गूगल पे के माध्यम से उनके पति से कई बार में ऑनलाइन दो लाख 42 हजार 100 रुपया ले लिया। इस तरह कुल दस लाख 37 हजार 100 रुपया ले लिया। फिर जमीन के पूछने पर टालमटोल करने लगा। जमीन नहीं मिलने पर पैसा वापस मांगना शुरू किया तो फिर टालने लगा।आरोप है कि धोखे में रखकर पूरा रुपया रख लिया। पुलिस ने आरोपी वाल्टरगंज थाने के रेहार जंगल वरगहवा भिटिया रोड सल्टौआ निवासी महेन्द्र प्रताप के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला सिलेंडर



**कानपुर (आभा)।** पिछले कुछ दिनों से लगातार देश के अलग–अलग इलाकों से ट्रेन पलटाने की साजिशों की खबरें आ रही हैं। इस बीच रविवार की सुबह कानपुर में एक लूप लाइन पर पांच किलोग्राम का छोटा गैस सिलेंडर मिला तो हड़कंप मच गया। लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सिलेंडर से काफी पहले रोक दिया। रेलवे, जीआरपी, आरपीएफ और सिविल पुलिस की टीमें घटना की जांच कर रही हैं।

उधर, कानपुर–अलीगढ़ हाइवे पर हादसा हुआ है। यहां ओवरटेकिंग के चक्कर में एक ट्रक ने डीसीएम में टक्कर मारी। ट्रक ड्राइवर ट्रक के अंदर बुरी तरह फंस गया। बाद में उसकी मौत हो गई। जबकि डीसीएम में आग लग गई। हादसे में दो और ट्रक आकर भिड़ गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग बुझाई। पुलिस ने क्रेन बुलाकर हाइवे से दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को हटवाया। यातायात बहाल करा दिया गया है।

## जज का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर करा ली जमानत, सैकड़ों पेटी शराब भी रिलीज कराया

बलिया (आभा)। जिले में गजब फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। दरअसल कुछ शराब माफियाओं ने जज के फर्जी हस्ताक्षर से न सिर्फ अपनी जमानत करा ली बल्कि सैकड़ों पेटी शराब को भी रिलीज करा लिया। इसकी जानकारी होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई। फिलहाल कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कुछ दिनों पहले सहतवार पुलिस के पास कोर्ट से दो–तीन सौ पेटी पकड़ी गई शराब का रिलीज आर्डर पहुंचा। पुलिस को आर्डर पर संदेह हुआ तो अधिकारियों को अवगत कराया। छानबीन की गई तो पता चला कि कोर्ट से जारी किए गए उक्त रिलीज आर्डर पर जज के हस्ताक्षर फर्जी हैं। जांच में पुलिस को जानकारी हुई कि कुछ लोगों की जमानत भी जज के फर्जी हस्ताक्षर से ही हुए हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने एक कोर्ट में प्राइवेट कर्मचारी के रूप में काम कर रहे युवक के साथ ही कुछ अन्य संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की तो एक लिपिक का नाम सामने आया।

बताया जाता है कि पुलिस लिपिक के साथ ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की खोजबीन कर रही है। कोर्ट ने ठहराया दोषी, कागजों में हो गए दोषमुक्त दीवानी न्यायालय के कुछ कोर्ट से शराब तस्करी समेत अन्य मामलों से जुड़ी फाइलें भी गायब हो गई हैं। कोर्ट ने कुछ लोगों को दोषसिद्ध ठहराया। हालांकि आबकारी विभाग के पास कुछ लोगों ने दोषमुक्त होने के कागजात प्रस्तुत किए।

## रक्तदान कर जीवन बचाना सबसे बड़ा धर्म- गौहर अली



### –43 लोगों ने किया रक्तदान

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । भदावल वेलफेयर सोसायटी और ईमान फाउन्डेशन के संयुक्त पहल पर सामाजिक कार्यकर्ता गौहर अली और पं. सुनील कुमार भट्ट के संयोजन में रविवार को 43 लोगों ने जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान किया।

गौहर अली ने बताया कि ईद–ए– मिलादुन्नवी पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्म दिन के उपलक्ष्य में यह रक्तदान किया गया। उन्होने कहा कि रक्तदान के द्वारा संकट के समय आप किसी का जीवन बचा सकते हैं। दूसरों के जीवनदान से बडा कोई धर्म नहीं हो सकता। हम भले ही अलग–अलग धर्मों के मानने वाले हो किन्तु लहू का रंग एक है। पं. सुनील कुमार भट्ट, ईमान फाउन्डेशन के एहसानुलहक, ग्राम प्रधान रोशन अली ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान समाजसेवा का बड़ा माध यम है। इससे हम दूसरों की जान बचाते हैं। युवाओं को इस दिशा में आगे आना चाहिये।

रक्तदान करने वालों में गुलजार अली, बाबूरतन, शईम, मोहम्मद आफताब, रामनेवाज, राकेश कुमार, प्रभाकर प्रताप सिंह, विशाल, ऐजाज अहमद, सुशील द्विवेदी, मोनू, अबू शहद खान, संदीप कुमार, मो. असलम, बंशीलाल, चन्द्रभान, सुध ांशु द्विवेदी, रामशंकर, सूर्य प्रकाश, मो. इद्रीस, गुलाम मुस्तफा, राजकुमार सोनी, अख्तर हुसेन, मो. करीम, एस.के. शमशुद्दीन, मौलाना मोहम्मद मारूफ, रमेश चौधरी, फागूलाल गुप्ता, शमशुल हुदा, पीर अली, मो. इश्तियार, मो. रफीक, कन्हैयालाल, मो. आरिफ, आशीष सिंह, रोशन अली, खैरूल वसर, कैफुद्दीन, रफीउद्दीन, रामलौट, कृष्णचन्द्र मौर्य, मो. इमरान, राहुल कुमार, शमसुद्दीन के साथ ही कुल 43 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर कुलदीप, सुरेन्द्र, मुजीब अंसारी आदि ने योगदान दिया।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 23 सितम्बर 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

# जम्मू–कश्मीर में चुनाव

जम्मू–कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का उत्साह बताता है कि लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था बरकरार है। पहले चरण में 24 सीटों के लिये हुए शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा। हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की शृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था। लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। निष्कर्षत कहा जा सकता है कुछ शिकवे–शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है। बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें दिखाई दी। ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था। इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है। साथ ही यह उन विदेशी ताकतों को करार जवाब है जो कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण अपने निहित स्वार्थों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल, साबित हुआ कि देश के अन्य भागों की तरह ही कश्मीर के लोग भी शांति व सुशासन चाहते हैं। वे भी महंगाई व बेरोजगारी से निजात चाहते हैं। इस चुनाव में उन्होंने अलगाववादियों को दरकिनार करके मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बावजूद अनुच्छेद 370 हटाने व राज्य का दर्जा खत्म किये जाने के मुद्दे से बहुत लोग सहमत नहीं थे। कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर भी लोगों की राय में विभाजन देखा गया है। कतिपय राजनीतिक दलों के साथ ही कुछ लोगों ने अनुच्छेद 370 की वापसी व राज्यत्व बहाली के मुद्दे को तरजीह दी। बहरहाल, कुछ मुद्दों पर असंतोष के बावजूद लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की है। विचारों में यह असहमति लोकतंत्र की खूबसूरती भी है।

बहरहाल, राजनीतिक दल विशेष के एजेंडे के इतर हमें स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोगों की हिस्सेदारी रही है। किसी राज्य का विशेष स्वरूप देश–काल व परिस्थितियों के अनुरूप भी तय किया जाता रहा है। वो समय की जरूरत रही है। शेष देश को किसी भी राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक व विशिष्ट स्वरूप का सम्मान करना चाहिए। बहुत संभव है किसी क्षेत्र विशेष की सोच का साम्य शेष देश के मिजाज व जरूरतों से भिन्न हो। लेकिन यही विविधता किसी लोकतंत्र की खूबसूरती है और उसका सम्मान किया भी जाना चाहिए। हमें नहीं भूलना चाहिए कि घाटी के लोगों की आकांक्षाओं की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में गहरी आस्था मजबूत हुई है। वहीं ध्यान रखना चाहिए कि भविष्य में बहुसंख्यक कश्मीरी समुदायों के हितों के साथ अल्पसंख्यक कश्मीरी ब्राह्मणों के हितों का संरक्षण भी किया जाए। जिन्हें कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा प्रमुख मुद्दा बनाये जाने के बाद भी न्याय नहीं मिला। उम्मीद करें कि विधानसभा चुनाव के बाद जब राज्य में चुनी हुई सरकार अस्तित्व में आए तो राज्य का दर्जा वापसी के बाद रोजगार व विकास के मुद्दों को प्राथमिकता मिले। इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में शांति देश के हित में है। जिसके लिये केंद्र से पर्याप्त सहयोग अपेक्षित है। निस्संदेह, राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हितों को दलीय हितों से ऊपर रखना चाहिए। चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें बताती हैं कि राज्य के लोग शांति व लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में हैं। यह सुखद ही है कि ये चुनाव राज्य में चुनाव बहिष्कार की धमकियों व चेतावनियों से मुक्त शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। मतदाताओं ने ऐसी किसी भी आवाज को तरजीह नहीं दी है। उम्मीद करें कि ये चुनाव आतंकवाद के खात्मे के लिये निर्णायक जनादेश लेकर आएं। ताकि राज्य कालांतर अलगाववादी सोच का खात्मा करने में सहायक साबित हो सके। एक बार फिर साबित हुआ है कि लोकतंत्र जनता की सक्रिय भागीदारी से ही महकता है। निश्चित रूप से कश्मीर के लोगों की यह जागरूकता राज्य में विकास की आधारभूमि को मजबूत करेगी।

# हमारी ही जेब में हमारी विनाश सामग्री?



—तनवीर जाफरी—




जब से मोबाईल फोन प्रचलन में आया है तब से देश में ऐसे सैकड़ों हादसों की खबरें आईं जिनसे पता चला कि मोबाइल फोन में ब्लॉस्ट हो गया। कभी उनकी बैटरी ओवर हीट होकर फट गयी तो कभी चार्जिंग में लगे सेलफोन में विस्फोट गया। याद कीजिये किसी समय में विश्व की सबसे बड़ी मोबाईल निर्माता कम्पनी मानी जाने वाली श्नोकियाश को अपने मोबाईल में होने वाले विस्फोट की घटनाओं के चलते 2007 में अपने ठस्–5ब मोबाइल फोन मॉडल की 46 मिलियन बैटरियों को वापस मंगाना पड़ा था। मोबाईल फोन फटने की इन घटनाओं में अनेक लोगों के बुरी तरह से घायल होने यहाँ तक कि दर्जनों लोगों की मौत होने तक की खबरें आई थीं। केरल में त्रिशूर जिले के तिरुविल्वमला में ,राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में उत्तर प्रदेश के बरेली मेरठ व फर्रुखाबाद में, आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले तथा ओडिशा आदि स्थानों में ऐसे अनेक हादसे हुये जहाँ मोबाईल में हुये विस्फोट के कारण लोगों को अपनी जानें तक गंवानी पड़ीं। इसी तरह पिछली रिकार्ड तोड़ गर्मी के दौरान बढ़ते तापमान के चलते अनेक एयर कन्डीशन के कम्प्रेसर फटने यहाँ तक कि इन विस्फोटों के परिणामस्वरूप घरों में आग लगने तक की खबरें आईं।


इसके बाद 2017 में कोरियन स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने जिस फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी नोट 7 को लॉन्च किया था उसकी लांचिंग के केवल दो सप्ताह बाद ही इस मोबाईल में चार्जिंग के दौरान विस्फोट की शिकायत के कारण कंपनी ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। बाद में गैलेक्सी नोट 7एस खरीद चुके नए स्मार्टफोन को कम्पनी ने बिना शर्त बदलने का निर्देश दिया। उसके साथ ही कम्पनी द्वारा दुनियाभर से गैलेक्सी नोट 7 वापस मांगे लिये गये। उस समय भारत में सैमसंग गैलेक्सी नोट 7 का मूल्य 59,900 रुपये था।

परन्तु इन सब दहशत पूर्ण घटनाओं के बावजूद जनमानस में भय व अविश्वास का ऐसा वातावरण कभी नहीं बना जैसा पिछले दिनों इस्राइल द्वारा छल कपट द्वारा लेबनान के विभिन्न शहरों में एक साथ अंजाम दिये गये पेजर व वॉकी टॉकी में हुये धमाकों और इनके परिणाम स्वरूप होने वाली तबाही के बाद उत्पन्न हुआ है। इन धमाकों में दर्जनों लोगों के मरने व तीन हजार से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें हैं। पहले तो यह खबर थी कि लेबनान में धमाके से फटने वाले पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बनाया गया था। जबकि गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ इनकार कर रही है। गोल्ड अपोलो कंपनी, हंगरी की एक कंपनी को इसके निर्माण का जिम्मेदार बता रही है। गोल्ड अपोलो का दावा है कि लेबनान में एक साथ फटने वाले AR-924 पेजर का निर्माण बुडापेस्ट स्थित BAC कंसल्टिंग KFT ने किया था। जोकि एक सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए गोल्ड अपोलो ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। परन्तु इसके निर्माण के लिए बीएसी ही जिम्मेदार है गोल्ड अपोलो नहीं। परन्तु हंगरी के अधिकारियों ने भी गोल्ड अपोलो के बयान को खारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। वहां पर इसका कोई भी उत्पादन यूनिट नहीं है। फिर सवाल यह है कि आखिर लेबनान में फटने वाले पेजर का निर्माण किसने किया ?

पूरे विश्व को हतप्रभ कर देने वाले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर यदि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को सच माना जाये तो लेबनॉन में विस्फोट होने वाले पेजर व वाकी टाकी के निर्माण से लेकर इसके विस्फोट तक में इस्राईली खुफिया एजेंसी मोसाद की ही भूमिका है। अज्ञात स्रोतों के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस्राईल ने पेजर के अंदर बम छिपाए और इसमें एक स्विच जोड़ा, जिसका प्रयोग बाद में उन्हें दूर से विस्फोट करने के लिए किया गया। मोसाद की ही खड़ी की गयी फर्जी कंपनी से ये हैंडसेट खरीदे भी गये थे। मोसाद ने ही ऐसा जाल बिछाया कि उसने लेबनान से पैसे लेकर उन्हें पेजर और वॉकी–टॉकी सेट बेचे और उन्हीं के द्वारा हिज्बुल्लाह के कई लड़ाकों को मार भी दिया। यानी पूरी चतुराई के साथ मारने वाले बम रुपी उपकरण को बनाने का मूल्य भी वसूल किया और उनका विस्फोट कर हत्याएं अंजाम देने का अपना लक्ष्य भी पूरा किया। और इससे भी बड़ी सफलता इस्राईल को तब मिली जब हिज्बुल्लाह ने भयवश पेजर और वाकी टॉकी जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया। गौर तलब है कि लोकेशन ट्रेस होने के भय से हिज्बुल्लाह पहले ही मोबाईल के इस्तेमाल बंद कर चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक व साइबर तकनीक पर आधारित होते जा रहे दौर में अपनाई जा रही वर्तमान आधुनिक रणनीति में हिज्बुल्लाह इस्राईली छल कपट का सामना कैसे कर सकेगा ?

इस घटना ने पूरे विश्व को यह भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या इलेक्ट्रानिक उपकरण पर आश्रित हो चुकी इस दुनिया का भविष्य भी अब मोसाद जैसी एजेंसियों के हाथों में जा चुका है ? याद कीजिये इस्राईली साइबर–आर्म्स कंपनी एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित पैगसेस जैसा खतरनाक स्पाइवेयर जिसे आईओएस और एंड्रॉइड चलाने वाले मोबाइल फोन पर गुप्त रूप से और दूर से इंस्टॉल करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पैगसेस स्पाइवेयर ने कुछ समय पूर्व भारत में भी तहलका मचा दिया था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सायबर तकनीक व इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल करने वाले लोगों की जान,उनकी गोपनीयता यहाँ तक कि उनके व्यवसाय उनकी जमापूंजी सब कुछ खतरे में आ चुकी है ? इस बात की क्या गारंटी है कि इसी तकनीक का दुरूपयोग कर या हैकिंग के द्वारा भविष्य में इसका इस्तेमाल किसी विमान में या जलपोत में नहीं होगा ? आज जब लगभग पूरी दुनिया की लोकेशन सार्वजनिक हो चुकी है ऐसे में किसी के द्वारा किसी को भी निशाना बनाना असंभव नहीं रहा। मोसाद जैसी मानवता की दुश्मन कोई भी कपटी एजेंसी लेबनान में अपनाये गये तरीके से तो कहीं भी तबाही मचा सकती है। तो क्या आधुनिक विज्ञान के वर्तमान दौर में हम अपने विनाश की सामग्री अपनी ही जेब में लिये फिर रहे हैं ?

# अयुद्ध और शांति का उजाला हो



— ललित गर्ग—



अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, अहिंसा, सह–जीवन, शांति और खुशी का एक आदर्श संकल्प माना जाता है। यह दिवस मुख्य रूप से पूरी पृथ्वी पर शांति और अहिंसा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। किंतु यह काफी निराशाजनक है कि आज इंसान दिन–प्रतिदिन इस शांति से दूर होता जा रहा है। आज चारों तरफ फैली राष्ट्रों की महत्वाकांक्षाएं एवं बाजारवाद ने शांति को व्यक्ति से और भी दूर कर दिया है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो विश्व शांति का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन इसको अमल में लाने वालों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने–अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना होगा है। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस–2024 की थीम है शांति की संस्कृति का विकास। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा शांति की संस्कृति पर घोषणा और कार्यक्रम को अपनाए जाने की 25वीं वर्षगांठ है ।

आज दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से शांति खतरे में हैं। रूस–यूक्रेन और इस्राइल–गाजा का लम्बे दौर से चल रहा युद्ध शांति की बड़ी बाधा है। युद्धों का मानव जीवन, पर्यावरण एवं विकास पर सबसे घातक असर पड़ रहा है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बन रहा हैं जो शांतिपूर्ण जीवन को संभव नहीं होने देता। दुनिया में अनेक ऐसे विध्वंसक देश हैं, जो आतंकवाद, युद्ध एवं पडोसी देशों में अशांति फैलाने की राहों को चुनते हुए अपनी बर्बादी के साथ अन्य देशों में अशांति की कहानी लिख रहे हैं। पाकिस्तानी नेतृत्व ने भारत में आतंकवाद फैला कर लिखी अपनी बर्बादी की दास्तां, जिसे अब उसकी खुद की जनता झेल रही है। भारत शांतिप्रिय देश है, वह खुद शांति चाहता है और दुनिया में शांति की स्थापना के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रहा है। शांति, अहिंसा , अयुद्ध एवं अमनचौन की भारत की नीतियों को देर से ही सही दुनिया ने स्वीकारा है। भारत की ऐसी ही मानवतावादी एवं सहजीवन की भावना को बल देने के कारण ही दुनिया एक गुरु के रूप में भारत को सम्मान देने लगी है। भारत आतंकवाद, हिंसा–युद्धयुक्त संसार और विस्तारवाद की भूख के खिलाफ जो सवाल उठाता रहा है, उसे अनेक देशों में न सिर्फ विचार के लिए जरूरी समझा जाने लगा है, बल्कि अब उन पर स्पष्ट रुख भी अख्तियार किया जा रहा है। शांति का उजाला फैलाने के उद्देश्य से विश्व शांति दिवस की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है। इस दिवस को कोरा आयोजनात्मक न मनाया जाकर प्रयोजनात्मक रूप से मनाने की आवश्यकता है।

सम्पूर्ण विश्व में शांति कायम करना आज संयुक्त राष्ट्र का मुख्य लक्ष्य है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष को रोकने और शांति की संस्कृति विकसित करने के लिए ही यूएन का जन्म हुआ है। संघर्ष, आतंक और अशांति के इस दौर में अमन की अहमियत का प्रचार–प्रसार करना बेहद जरूरी और प्रासंगिक हो गया है। इसलिए संयुक्त राष्ट्रसंघ, उसकी तमाम संस्थाएँ, गैर–सरकारी संगठन, सिविल सोसायटी और राष्ट्रीय सरकारें प्रतिवर्ष शांति दिवस का आयोजन करती हैं। शांति का संदेश दुनिया के कोने–कोने में पहुँचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने कला, साहित्य, सिनेमा, संगीत और खेल जगत की विश्वविख्यात हस्तियों को शांतिदूत भी नियुक्त कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने तीन दशक पहले यह दिन सभी देशों और उनके निवासियों में शांतिपूर्ण विचारों को सुदृढ़ बनाने के लिए समर्पित किया था।

पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने विश्व में शांति और अमन स्थापित करने के लिए पाँच मूल मंत्र दिए थे, इन्हें पंचशील के सिद्धांत भी कहा जाता है। ये पंचसूत्र मानव कल्याण तथा विश्व शांति के आदर्शों की स्थापना के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था वाले देशों में पारस्परिक सहयोग के पाँच आधारभूत सिद्धांत हैं। इसके अंतर्गत निम्नलिखित पाँच सिद्धांत निहित हैं–एक दूसरे की प्रादेशिक अखंडता और प्रभुसत्ता का सम्मान करना। एक दूसरे के विरुद्ध आक्रामक कार्रवाई न करना। एक दूसरे के आंतरिक विषयों में हस्तक्षेप न करना। समानता और परस्पर लाभ की नीति का पालन करना। शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व की नीति में विश्वास रखना। भारत पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व शांति, अहिंसा एवं युद्धमुक्त विश्व संरचना के लिये प्रयासरत है। यूक्रेन–रूस एवं इस्राइल–गाजा में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत शांति प्रयास करने में जुटा है। एकमात्र भारत ही ऐसा देश है जो अपने आध्यात्मिक तेज एवं अहिंसा की शक्ति से मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति दे सकता।

विश्व शांति दिवस के उपलक्ष्य में हर देश में जगह–जगह सफेद रंग के कबूतरों को उड़ाया जाता है, जो कहीं ना कहीं भारत के शांति के ही सिद्धांतों को दुनिया तक फैलाते हैं। इन कबूतरों को उड़ाने के पीछे एक शायर का निम्न शेर बहुत ही विचारणीय है–लेकर चलें हम पैगाम भाईचारे का, ताकि व्यर्थ खून न बहे किसी वतन के रखवाले का। आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक चालों से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो–समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो–सामान एवं हथियार उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। आतंकवाद को अलग–अलग स्तर पर फैलाकर विकसित देश इससे निपटने के हथियार बेचते हैं और इसके जरिये अकूत संपत्ति जमा करते हैं। हाल ही में यूक्रेन–रूस, इस्राइल–गाजा अफगानिस्तान, ईरान और इराक जैसे देशों में हुए युद्धों एवं पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को विशेषज्ञ हथियार माफियाओं के लिए एक फायदे का मेला मानते रहे हैं। उनके अनुसार दुनिया में भय और आतंक का माहौल खड़ा करके ही सैन्य सामान बेचने वाले देश अपनी चांदी कर रहे हैं।

बात केवल रूस–यूक्रेन युद्ध की ही नहीं है बल्कि देश के भीतर घटित हिंसा के ताण्डव की भी है। जबकि अहिंसा सबसे ताकतवर हथियार है, बशर्ते कि इसमें पूरी ईमानदारी बरती जाए। लेकिन विभिन्न देशों में तरह–तरह के धार्मिक–साम्प्रदायिक आन्दोलन हो या ऐसे ही अन्य राजनैतिक आन्दोलन, उनमें हिंसा का होना गहन चिन्ता का कारण बना है। हिंसा, नक्सलवाद और आतंकवाद की स्थितियों ने जीवन में अस्थिरता एवं भय व्याप्त कर रखा है। अहिंसा की इस पवित्र भारत भूमि में हिंसा का तांडव सोचनीय है। महावीर, बुद्ध, गांधी एवं आचार्य तुलसी के देश में हिंसा को अपने स्वार्थपूर्ति का हथियार बनाना गंभीर चिंता का विषय है। इस जटिल माहौल में विशेष उपक्रमों के माध्यम से अहिंसक जीवनशैली और उसके प्रशिक्षण का उपक्रम और विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, संप्रदाय के लोगों के बीच संपर्क अभियान चलाकर उन्हें अहिंसक एवं शांतिवादी बनने को प्रेरित किया जाना न केवल प्रासंगिक है, बल्कि राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जीवन की बड़ी आवश्यकता है। इन प्रयत्नों से ही विश्व की महाशक्तियों एवं उनकी हिंसक मानसिकता पर व्यापक प्रभाव स्थापित किया जा सकता है।

आज प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। शांति ही उन्नत एवं आदर्श जीवन का आधार है। मानव कल्याण की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। भाषा, संस्कृति, पहनावे भिन्न–भिन्न हो सकते हैं, लेकिन विश्व के कल्याण का मार्ग एक ही है और शांतिपूर्ण सह–जीवन। बशीर बद्र का शेर है कि सात संदूकों में भर कर दफ्न कर दो नफरतें, आज इंसाँ को मोहब्बत की जरूरत है बहुत।' मनुष्य को नफरत का मार्ग छोड़कर प्रेम के मार्ग पर चलना चाहिए। इस सदी में विश्व में फैली अशांति और हिंसा को देखते हुए हाल के सालों में शांति कायम करना मुश्किल ही लगता है, किंतु उम्मीद पर ही दुनिया कायम है और यही उम्मीद की जा सकती है कि जल्द ही वह दिन आएगा, जब हर तरफ शांति ही शांति होगी। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।–(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# नये सन्दर्भो में भारत–चीन



—मनीष तिवारी—

जिनेवा सैंटर ऑफ सिक्योरिटी पॉलिसी में बोलते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सार्वजनिक डोमेन में रिपोर्ट के अनुसार स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत चल रही है, हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर, आप कह सकते हैं कि लगभग 75 प्रतिशत विघटन की समस्याओं का समाधान हो गया है। ...हमें अभी भी कुछ काम करना है, लेकिन एक बड़ा मुद्दा है कि अगर हम दोनों ने सेनाएं पास–पास ला दी हैं, तो उस अर्थ में सीमा पर सैन्यीकरण का स्तर बढ़ गया है। इससे कैसे निपटा जाए?

जयशंकर ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि भारत–चीन के संबंध में बड़े मुद्दे हैं। हम व्यापार के मुद्दे पर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, चीन के साथ आर्थिक संबंध बहुत अनुचित रहे हैं। यह बहुत असंतुलित रहा है कि हमारे पास वहां बाजार तक पहुंच नहीं है। उनके पास यहां भारत में बहुत बेहतर बाजार पहुंच है। आज हमारे सामने कई क्षेत्रों में कई चिंताएं हैं, जैसे प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और डिजिटल। यदि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) पर 75 प्रतिशत विघटन समस्याओं का समाधान हो गया है, तो यह एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि भारत और चीन दोनों ही आगे बढ़ सकते हैं और संबंधों के अन्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिसमें अनुचित और असंतुलित व्यापार संबंध शामिल हैं, जिसका उन्होंने उल्लेख किया है। हालांकि एक बड़ी चुनौती है, जिसे विदेश मंत्री ने जाने–अनजाने में चिह्नित किया है और वह है एल.ए.सी. पर सैन्यीकरण में वृद्धि। यह एक महत्वपूर्ण संकेतक है, क्योंकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पी.आर.सी.) ने वित्त वर्ष 2024 के लिए लगभग 236.1 बिलियन डॉलर के वार्षिक रक्षा बजट की घोषणा की है। तुलनात्मक रूप से, भारत का रक्षा बजट वित्त वर्ष 2024–25 में 74.3 बिलियन डालर है। चीन 17 इंडो–पैसिफिक सेनाओं के संयुक्त खर्च से अधिक खर्च करता है। इसके विपरीत, अमरीका चीन की तुलना में रक्षा पर 10 गुना अधिक खर्च करता है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.)पर सैन्य विस्तार, जो वास्तव में भारत और चीन को विभाजित करने वाली सीमा है, पर चीन की ओर से सैन्य गतिविधि में तेजी देखी गई है। चीन इस क्षेत्र में सड़कों, हवाई अड्डों और किलेबंदी सहित अपने सैन्य बुनियादी ढांचे का आक्रामक रूप से विस्तार कर रहा है। एक उल्लेखनीय विकास अक्साई चिन क्षेत्र में पैंगोंग झील पर 400 मीटर लंबे पुल का निर्माण है। यह क्षेत्र 1960 से चीन के कब्जे में है, लेकिन यह भारतीय संप्रभु क्षेत्र में आता है। यह पुल सैनिकों और उपकरणों को ले जाने में लगने वाले समय को 12 घंटे से घटाकर लगभग 4 घंटे कर देगा, जिससे उनकी रसद क्षमताएं बढ़ेंगी और उनकी सैन्य उपस्थिति मजबूत होगी। सैटेलाइट इमेजरी और विभिन्न रिपोर्टें पुष्टि करती हैं कि चीन ने एल.ए.सी. के पास स्थायी सैन्य प्रतिष्ठान स्थापित किए हैं, जिससे उसकी शक्ति प्रक्षेपण क्षमताएं बढ़ गई हैं।

सैन्य वृद्धि पर भारत की प्रतिक्रिया रू चीनी सैन्य विस्तार के जवाब में, भारत एक जटिल रणनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। एक ओर, भारत को अपनी क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करनी होगीय दूसरी ओर, इन सुदूर, उच्च–ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चीन के तेजी से बढ़ते सैन्यीकरण का मुकाबला करना न केवल रसद के लिहाज से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इसके लिए रक्षा व्यय भी अपरिहार्य है। भारत ने अतिरिक्त सैनिकों, वायु रक्षा प्रणालियों और उन्नत हथियारों की तैनाती कर के एल.ए.सी. पर अपनी सैन्य उपस्थिति भी बढ़ाई है। हालांकि, इन अलग–थलग क्षेत्रों में एक मजबूत सैन्य स्थिति बनाए रखना भारत के रक्षा बजट पर काफी हद तक लेकिन अपरिहार्य दबाव डालता है। दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों के साथ तत्काल सुरक्षा आवश्यकताओं को संतुलित करना, साथ ही आध्थक रूप से विनाशकारी गतिरोध से बचना, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। इसके अलावा, एल.ए.सी. पर सैन्यीकरण में वृद्धि के व्यापक भू–राजनीतिक निहितार्थ हैं। यह देखते हुए कि दोनों देशों के पास परमाणु क्षमताएं हैं, इस तरह की वृद्धि के संभावित परिणाम गंभीर हैं।

हालांकि, एल.ए.सी. पर सैन्यीकरण में वृद्धि भारत को पश्चिमी सहयोगियों के करीब ला सकती है, जैसा कि क्वाड (भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमरीका को शामिल करने वाला एक रणनीतिक गठबंधन)। जैसा कि स्पष्ट है कि पश्चिम के साथ संबंधों को मजबूत करने से भारत की सैन्य क्षमताएं बढ़ सकती हैं, लेकिन इससे चीन के साथ तनाव भी बढ़ सकता है।

